# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ, प्राचार्या ने दिलाई शपथ

## जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित





**जयसिंहपुर (अतुल जसवाल):** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एंटी रैगिंग सप्ताह के पहले दिन जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों, कानूनी नियमों और इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूक करना था।

### प्राचार्या ने दिलाई शपथ

कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिभा ठाकुर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में हर विद्यार्थी को सुरक्षित, सम्मानजनक और सौहार्दपूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने रैगिंग को किसी भी रूप में स्वीकार न करते हुए सभी से आपसी सम्मान और सहयोग की भावना रखने की अपील की।


प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि न तो स्वयं रैगिंग करें और न ही किसी और को इसके लिए उकसाएं। साथ ही, किसी भी अनुचित घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को देने के लिए प्रेरित किया।

### एंटी रैगिंग नियामों की दी जानकारी

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रैगिंग से आत्मसम्मान और मानसिक सुरक्षा प्रभावित होती है, इसलिए नए विद्यार्थियों से मित्रवत व्यवहार करें और भाईचारे को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से ही कॉलेज को रैगिंग मुक्त बनाया जा सकता है।

**उपस्थित रहे** प्रो. प्रमोद, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. सपना राणा, प्रो. वंदना कुमारी, डॉ. उमा देवी, प्रो. निर्मला देवी, डॉ. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. अरविंद पुरी, प्रो. शशि शर्मा, प्रो. रोहित, प्रो. राजेश खारवाल, प्रो. मितुल, प्रो. साहिल, प्रो. आशु महाजन, प्रो. रूबी, प्रो. आरती, प्रो. अंजू राणा, प्रो. वनीता भूरिया, प्रो. नीना सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# प्राचार्या ने दिलाई सख्त शपथ, दबंगई पर लगेगी लगाम



सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एंटी रैगिंग सप्ताह के प्रथम दिन का आयोजन जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर द्वारा किया गया। प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के विरुद्ध शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद, डा. सुमन शर्मा, डा. सपना राणा, प्रो. वंदना कुमारी, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला देवी, प्रो. उमा शर्मा, डा. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद कुमार (वनस्पति विज्ञान), प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. अरविंद पुरी, प्रो. शशि शर्मा, प्रो. रोहित, प्रो. राजेश खारवाल, प्रो. मितुल, प्रो. साहिल, प्रो. आशु महाजन, प्रो. रूबी, प्रो. आरती, प्रो. अंजू राणा, प्रो. वनीता भूरिया तथा प्रो. नीना सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।